आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 25 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


# सीएम आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता कल से



आजाद सिपाही संवाददाता

**मोरहाबादी मैदान में होगी आयोजित, उद्घाटन खेल मंत्री हफीजुल हसन और समापन समारोह में सीएम होंगे शामिल**

**रांची।** बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी रांची में 26 से 29 दिसंबर तक राज्य स्तरीय सीएम आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता पुरुष और महिला वर्ग के लिए आयोजित की जायेगी। खेलकूद निदेशालय के अवर सचिव देव शंकर दास ने शनिवार को इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में अलग-अलग चार जोनों की विजेता और उपविजेता टीमें इसमें दमखम दिखायेंगी। कुल 16 टीमों के 200 से अधिक प्रतिभावान खिलाड़ी इसमें दमखम दिखायेंगे। दुमका जोन से गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज (पुरुष, महिला), पश्चिमी सिंहभूम जोन से सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम, गुमला और पश्चिमी सिंहभूम की टीम खेलेगी। रांची जोन से रांची, लोहरदगा, धनबाद जोन से धनबाद, कोडरमा, बोकारो की टीम खेलेगी। जोनल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन पिछले दिनों रांची, दुमका धनबाद एवं पश्चिमी सिंहभूम में कराया गया था। इसमें विजेता और उपविजेता रही टीमों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका दिया गया है। प्रतियोगिता की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में साझा के खेल समन्वयक और ओलंपियन मनोहर टोपनो, रांची के जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ के शिवेंद्र दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

अवर सचिव ने बताया कि टूर्नामेंट में आने वाले 288 प्रतिभागियों के ठहराव, भोजन का इंतजाम मोरहाबादी स्थित एस्ट्रो टर्फ हॉकी ग्राउंड कैंपस में किया गया है। उद्घाटन समारोह 26 दिसंबर को और समापन समारोह 29 दिसंबर को होगा। उद्घाटन समारोह में खेल मंत्री हफीजुल हसन और समापन समारोह में सीएम हेमंत सोरेन शामिल होंगे। प्रतियोगिता में 31 मैच खेले जाने हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता टीम को 3 लाख, उपविजेता को 2 लाख और तीसरे तथा चौथे स्थान पर आने वाली टीम को 50-50 हजार रुपये इनाम दिये जायेंगे। पहले से तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप फुटबॉल कीट भी प्रदान किये जायेंगे।

## पुलिस के जरिये पंकज के लिए होती थी वसूली

# तस्करी में बाधा बननेवाले पुलिसकर्मियों का तबादला करा देता था पंकज मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में पुलिस जरिये पंकज मिश्रा के लिए वसूली होती थी। पंकज की बात नहीं माननेवाले पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया जाता था। साहिबगंज से सेवानिवृत्त दारोगा राम हरीश निराला ने इडी को दिये गये अपने बयान में यह बात कही है। निराला साहिबगंज में तालझारी, मुफ्फसिल और मिर्जा चौकी, कटाल पोखर थाना के प्रभारी रह चुके हैं। पंकज मिश्रा पर इस पुलिस अधिकारी के पांच लाख रुपये हड़पने का भी आरोप है।

निराला ने इडी को दिये बयान में यह कहा है कि वह विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को जानते हैं। साहिबगंज में उनका काफी प्रभाव है। वहां के हर सरकारी विभाग में उनका दबदबा है। साहिबगंज में सभी टोल टेंडर, पत्थर खदानों और उससे संबंधित क्रशर, ट्रक और पानी जहाज पर उनका पूरा नियंत्रण है। जिले में

**निराला ने इडी को दिया बयान : साहिबगंज में सभी टोल टेंडर, पत्थर खदानों और उससे संबंधित क्रशर, ट्रक और पानी जहाज पर पंकज मिश्रा का नियंत्रण**



ट्रांसफर-पोस्टिंग भी उन्हीं की देख रेख में होती है। साहिबगंज में उनके कार्यकाल के दौरान पत्थर खदान, ट्रक, क्रशर, पानी जहाज भी पंकज के संरक्षण में ही उनके सहयोगियों द्वारा संचालित किये जाते थे। साहिबगंज के पूर्व डीएसपी प्रमोद मिश्रा पंकज मिश्रा के करीबियों में से एक हैं। इनकी निगरानी में साहिबगंज में जितने भी ट्रक चलते हैं, उससे वहां की पुलिस के जरिये पैसा वसूला जाता था। यह पैसा पंकज मिश्रा के पास पहुंचता था। अगर कोई पुलिसकर्मी पंकज मिश्रा का आदेश नहीं मानता था, तो पंकज के कहने पर पुलिस के आला अफसर द्वारा संबंधित पुलिसकर्मी का ट्रांसफर कर दिया जाता था। निराला ने अपने कार्यकाल का उल्लेख करते हुए यह कहा कि पत्थरों की ढुलाई और अवैध खनन पंकज के संरक्षण में होता था। पंकज मिश्रा के सहयोगी अपराधी प्रवृत्ति के थे। पंकज मिश्रा व उसके सहयोगियों के खिलाफ बहुत सारी शिकायतें आती थीं। हालांकि, इन शिकायतों पर कोई किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर सकता था। पुलिस पदाधिकारियों को पंकज मिश्रा और उसके सहयोगियों की बात माननी पड़ती थी।

### पंकज की बात नहीं मानी, तो पुलिस लाइन में तबादला करा दिया

इडी को दिये अपने बयान में सेवानिवृत्त दारोगा ने अवैध खनन रोकने के दौरान खुद पर पड़े दबाव का उल्लेख किया है। उन्होंने बताया कि कोटाल पोखर थाना क्षेत्र में इकबाल शेख नामक व्यक्ति अवैध खनन कर रहा था। जिस जमीन पर अवैध खनन किया जा रहा था, उस पर ग्रामीण अपना दावा कर रहे थे। इस विवाद की वजह से उन्होंने जमीन पर धारा 144 लगाने की रिपोर्ट एसडीओ को भेजी। इससे पंकज मिश्रा नाराज हो गये। वह ग्रामीणों को मार कर भगाने और इकबाल शेख को मदद करने का निर्देश दे रहे थे। उनकी बात नहीं मानने की वजह से उनका तबादला पुलिस लाइन कर दिया गया। कोटाल पोखर में पदस्थापन के दौरान ही पंकज मिश्रा व डीएसपी प्रमोद मिश्रा ने ओवरलोडेड ट्रकों की गिनती करवायी। इन ओवर लोडेड ट्रकों से पंकज मिश्रा और प्रमोद मिश्रा कमीशन चाहते थे।

# अमित अग्रवाल और विनीत अवैध खनन से मिले पैसों को विभिन्न कंपनियों में खपाते थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**इडी ने हाइकोर्ट में दायर शपथ पत्र में झामुमो के कोषाध्यक्ष रहे रवि केजरीवाल के बयान का भी किया है जिक्र**

**रांची।** अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड हाइकोर्ट में दायर शपथ पत्र में झामुमो के कोषाध्यक्ष रहे रवि केजरीवाल के बयान का भी जिक्र किया है। रवि केजरीवाल ने पूछताछ के दौरान बताया था कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की राजनीतिक गतिविधियों और चुनाव प्रचार में अवैध खनन से जमा किये गये पैसों का इस्तेमाल किया गया था। इडी ने शपथ पत्र में जानकारी दी है कि रवि केजरीवाल ने बताया था कि अवैध खनन से मिले पैसों का प्रबंधन कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल ने किया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमित अग्रवाल के रिश्तेदार विनीत अग्रवाल (रांची निवासी) अवैध खनन के पैसे एकत्र करने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक हैं। इस तरह के फंड को कई कंपनियों के बैंक खातों में समायोजित किया जाता है, जिसका प्रबंधन और नियंत्रण अमित अग्रवाल द्वारा किया जाता है। रवि अगस्त 2020 तक झामुमो के कोषाध्यक्ष पद पर थे। उसके बाद उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया गया। साहिबगंज में पत्थर खनन घोटाले की जांच के दौरान रवि केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को कई अहम जानकारियां दी हैं, जिसका उल्लेख शपथ पत्र में है। इडी ने कैश फॉर पीआइएल केस में अमित अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल जमानत पर हैं।

### कंपनियों में अवैध खनन और अन्य स्रोतों से मिले पैसों को खपाया गया

रवि केजरीवाल ने दावा किया कि मेसर्स ऑरोरा एविएशन और अमित अग्रवाल की कई अन्य कंपनियों में अवैध खनन और अन्य स्रोतों से मिले पैसों को खपाया गया था। दावा किया कि झामुमो ने चुनाव प्रचार के दौरान मेसर्स ऑरोरा एविएशन से हेलीकॉप्टर किराये पर लिया था। इसका मकसद नकदी को खपाना था। इडी ने रवि केजरीवाल से पूछा था कि क्या उन्हें अमित अग्रवाल की झामुमो से किसी लेन-देन की जानकारी है।

### करोड़ों रुपये के लेन-देन होते थे

इडी को दिये गये अपने जवाब में रवि केजरीवाल ने कहा कि झामुमो और अमित अग्रवाल के बीच लेन-देन झामुमो और मैसर्स ऑरोरा एविएशन के बैंक विवरणों में स्पष्ट है। यह लेन-देन झामुमो पार्टी के लिए हेलीकॉप्टर किराये पर लेने के लिए किया गया था। रवि ने बताया था कि इनमें से कई कागजी लेन-देन हैं, जो केवल नकदी को समायोजित करने के लिए किये जाते रहे। इस तरह के लेन-देन में पार्टी फंड से ऑरोरा एविएशन को बड़ी रकम का चेक दिया जाता था और उतनी रकम अमित अग्रवाल से कैश में मिलती है। इस तरह के करोड़ों रुपये के लेन-देन होते थे। इडी को रवि केजरीवाल ने बताया था कि पार्टी के बैंक खातों के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के रूप में वे इस तरह के लेन-देन से अवगत थे।

### अमित अग्रवाल तबादला और पोस्टिंग के लिए अधिकारियों से नकद रुपये लिया करते थे

रवि केजरीवाल ने इडी को बताया है कि अमित अग्रवाल पैसे का प्रबंधन करते रहे हैं। ज्यादातर तबादला और पोस्टिंग के लिए अधिकारियों से नकद रुपये लिया करते थे। सड़क, भवन, सिंचाई, खनन, नगर विकास विभाग के ठेकेदारों से भी पैसे लेते रहे हैं और वे कोषाध्यक्ष के रूप में हस्ताक्षर करते थे। उन्होंने कहा कि वह पार्टी की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों को चलाने के साथ-साथ पार्टी के फंड का प्रबंधन और देखभाल करते थे। प्राप्तियों और खर्चों का लेखा-जोखा भी रखा करते थे, लेकिन यह स्पष्ट किया कि उनकी भूमिका पार्टी फंड की व्यवस्था करने या उसे व्यवस्थित करने की नहीं थी। इन सब मामलों को कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की मदद से निपटाया जाता था, जो कई कंपनियां चलाते हैं।

# डीएसपीएमयू में द इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन 27 से




आजाद सिपाही संवाददाता

**27 से 29 दिसंबर तक आयोजित शिक्षा के इस महाकुंभ में राष्ट्रीय आर्थिक विषयों पर होगी चर्चा**

**रांची।** द इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन का 105 वां वार्षिक अधिवेशन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। 27, 28 और 29 दिसंबर तक तीन दिवसीय शिक्षा के इस महाकुंभ में राष्ट्रीय आर्थिक विषयों पर केंद्रित वृहद शिक्षा समागम में देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविद, अर्थशास्त्री और जानेमाने विद्वानों का जुटान होगा। गौरतलब है कि 1917 में अपनी स्थापना वर्ष के बाद से देश के विभिन्न प्रांतों में प्रतिवर्ष इसका आयोजन किया जाता है। इस वर्ष इसे आयोजित करने का गौरव डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को प्राप्त हुआ है। रांची विश्वविद्यालय, रांची की भी सहभागिता भी इस आयोजन में है। इस संबंध में शनिवार को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किये जाने वाले इस वार्षिक अधिवेशन में अपनी भागीदारी करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन से संबंधित न्यूज लेटर का प्रकाशन किया जा चुका है। जिसमें पूर्व के वार्षिक अधिवेशनों का ब्यौरा और वर्तमान अधिवेशन की रूपरेखा और इस इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन से जुड़े सदस्यों का विवरण है। इसके अध्यक्ष कीट और किस्स के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत है। 105वें अधिवेशन के अध्यक्ष प्रो एडीएन वाजपेयी, मुख्य कन्वेनर डॉ अनिल कुमार ठाकुर और आयोजन के पेट्रोन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य हैं। इस मौके पर रांची विवि रांची के कुलपति प्रो डॉ अजित कुमार, डीएसपीएमयू के कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डॉ अशोक नाग, धनंजय द्विवेदी और पीआरओ राजेश कुमार मौजूद थे।

## एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन पर कोविड जांच शुरू

**रांची।** कोरोना की आहट के बाद राज्य में स्वास्थ्य महकमा अलर्ट हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया की वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद झारखंड में थर्मल स्क्रीनिंग और टेस्टिंग की शुरुआत कर दी गयी है। रांची रेलवे स्टेशन, हटिया रेलवे स्टेशन, खादगढ़ा, आइटीआइ बस स्टैंड और एयरपोर्ट पर कोविड टेस्टिंग टीम तैनात हैं।

## राज्य में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं : भैरव सिंह

**रेबिका हत्याकांड के विरोध में बड़ा तालाब में भैरव सिंह ने किया जल सत्याग्रह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार और साहिबगंज की आदिवासी महिला रेबिका पहाड़िया हत्याकांड के विरोध में भैरव सिंह के नेतृत्व में हिंदू सामाजिक संगठनों ने शनिवार को बड़ा तालाब में दो घंटे का जल सत्याग्रह किया। सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह ने कहा कि झारखंड में हर चार घंटे में दुष्कर्म, तीन घंटे में हत्या और एक घंटे में छिनतई की घटना होती है। हमारी बेटी, बहन राज्य में सुरक्षित नहीं हैं। साहिबगंज की आदिवासी युवती रेबिका पहाड़िया की हत्या के गुनहगारों को जब तक कड़ी सजा नहीं दी जाती, तब तक जल सत्याग्रह आंदोलन चलता रहेगा।

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा- जनता के बीच पार्टी की विचारधारा पहुंचायें

# जनभागीदारी बढ़ाने में मीडिया और सोशल मीडिया बहुत सहायक : सुनील बंसल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में मीडिया एवं सोशल मीडिया विभाग की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बंसल अपने तीन दिवसीय सांगठनिक प्रवास पर झारखंड आये हैं।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने मीडिया, सोशल मीडिया, देश और राज्य के मुद्दे, पार्टी की मीडिया सोशल मीडिया टीम की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बंसल ने कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया जनता के बीच पार्टी की विचारधारा, कार्यक्रमों को पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सोशल मीडिया की प्रासंगिकता एवं उसके बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को पार्टी की बात जन-जन तक, हर घर तक पहुंचाने की दिशा में लगातार परिश्रम करना चाहिए। उन्होंने पार्टी के जनप्रतिनिधियों की भी सक्रियता बढ़ाने पर बल दिया। बंसल ने मीडिया एवं सोशल मीडिया टीम को प्रशिक्षित कर सक्रियता बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पार्टी लगातार सांगठनिक ढांचा को मजबूत करते हुए अपनी वैचारिक लड़ाई लड़ रही है। इसमें जनभागीदारी बढ़ाने में मीडिया और सोशल मीडिया बहुत सहायक सिद्ध होती है। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय भी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी ने किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### वाइबीएन विश्वविद्यालय में समीक्षात्मक बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को कॉन्फ्रेंस हॉल, एडमिन ब्लॉक, वाइबीएन विश्वविद्यालय परिसर, रांची में मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार की अध्यक्षता में वाइबीएन विवि की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें यूनिवर्सिटी के डीन, प्रिंसिपल एचओडी सहित तमाम टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद थे। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान रिसर्च कार्यों को प्रगति देने के लिए अच्छे संस्थानों के साथ एमओयू करने की बात कही गयी। जिनमें इंटरनेशनल एमओयू पर जादा जोर दिया गया। इस कार्य के लिए डॉ आशीष सरकार को नियुक्त किया गया है। साथ ही इंजीनियरिंग विभाग के लिए एआइसीटीइ से 2023 में मान्यता प्राप्त करने के लिए डॉ अंजनी कुमार सिंह को नियुक्त किया गया है। सभी विभागों के रिपोर्ट से मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संतुष्टि जाहिर की और सभी नव नियुक्त कर्मचारियों, पदाधिकारीयों को इएसआइसी और भविष्य निधि में सम्मलित होने के लिए कुलसचिव और उपकुलसचिव को दिशा निर्देश जारी किया गया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. श्रीरमन दुबे, उप कुलसचिव संजय तिवारी, एचआर डायरेक्टर अरविंद कुमार यादव, डीएसडब्लू डॉ अर्पणा शर्मा और विश्वविद्यालय के डीन, प्रिंसिपल एचओडी सहित तमाम टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद थे।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मनाया गया क्रिसमस डे



रांची (आजाद सिपाही)। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड रांची में शनिवार को क्रिसमस डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 'यीशु का अवतरण' शीर्षक नृत्य नाटिका से हुई, जिसमें प्रभु ईसा मसीह के जन्म और लालन-पालन की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। बच्चों ने विश यू मैरी क्रिसमस गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रा सौम्या ने यीशु मसीह के जीवन और संदेशों पर विस्तृत प्रकाश डाला। सेंटाक्लॉज ने बच्चों के बीच उपहार बांटा। मौके पर प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने कहा कि ईसा मसीह का जीवन संघर्ष और प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के प्रति आदर और सम्मान का भाव भारत को अन्य देशों से श्रेष्ठ बनाता है। कार्यक्रमों का संयोजन चीफ कोऑर्डिनेटर आशा राज व मंच संचालन छात्रा रचिता ने किया। बच्चों ने मोनिका मुंडू और सतीश मिश्रा के निर्देशन में कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### ग्रामीण अंजुमन इस्लामिया रांची ने ओएना और हुसिर मदरसा के बच्चों में बांटे कंबल



रांची (आजाद सिपाही)।अंजुमन इस्लामिया ग्रामीण रांची के सौजन्य से शनिवार को कांके प्रखंड के हुसीर और ओएना मदरसा में गरीब लाचार बच्चों के बीच में कंबल का वितरण किया गया। वहीं हुसिर मदरसा में हुसिर गांव के अंजुमन इस्लामिया के सदर डॉ अलीमुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जिला स्तर पर एकता भाईचारगी, स्थापित करने व अल्पसंख्यक समुदाय में शिक्षा का स्तर को मजबूती पर परिचर्चा की गयी। मौके पर मुस्तफा अंसारी, इम्तियाज ओहदार, मुस्लिम फैजी, मोहसिन आलम, अब्बास अंसारी, डॉ अलीमुल्लाह अंसारी, नसीम अंसारी, मुंताजिर आलम, अली इमाम अंसारी अनीस अंसारी, सुलेमान मो.शफीक मदरसा के जिम्मेद्रान मौजूद रहे।

### सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमेटी ने शुरू की सामाजिक जागरूकता सभा



रांची (आजाद सिपाही)। सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमेटी के तत्वावधान में और एदारा-ए-झारखंड की सरपरस्ती में सामाजिक जागरूकता अभियान की शुरुआत डोरंडा (रांची) स्थित मनी टोला मस्जिद-ए-असरा से शुरू की गयी। हिंदपीढ़ी स्थित इस्लामी मरकज, रांची में एदारा-ए-शरिया झारखंड के कुतुबुद्दीन रिजवी, सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमेटी के अध्यक्ष मौलाना डॉ ताजुद्दीन रिजवी, महासचिव अकीलुर्रहमान और प्रवक्ता मो इसलाम ने संयुक्त रूप से बताया कि सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत मुस्लिम समाज में फैलने वाली तमाम बुराइयों को दूर किया जायेगा। इसमें समाज को नशामुक्त करना, तिलक- दहेज प्रथा पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाते हुए फिजूलखर्ची पर रोक लगाना, लोगों में शैक्षणिक जागरूकता लाना, युवा पीढ़ी के भटके हुए लड़के और लड़कियों को सही राह पर लाकर उसे समाज की मुख्य धारा में जोड़ना इस अभियान का मूल उद्देश्य है। इस्लाम ने बताया कि प्रथमचरण में शहरी क्षेत्र के दस मुहल्लों को चिन्हित कर उस क्षेत्र के मस्जिद के इमाम को जिम्मेवारी दी गयी है जो इस्लाहे मुआशरा के तहत अपने अपने मस्जिदों से अपने क्षेत्र के प्रमुख लोगों के साथ-साथ युवाओं को जोड़ते हुए प्रत्येक क्षेत्र में 21 सदस्यीय कमेटी बनाकर सामाजिक जागरूकता अभियान को सफल बनाने का काम करेंगे। इस अभियान को सफल बनाने हेतु प्रशासनिक सहयोग भी जिला प्रशासन से लिया जायेगा। अभियान के दूसरे चरण में और क्षेत्रों को जोड़ते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसलाहे मुआशरा सामाजिक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

### शिक्षा सचिव से मिला संयुक्त शिक्षक मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल

रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के सचिव के रवि कुमार से मिला। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रख्यात लेखक धर्मबंधु के द्वारा रचित पुस्तक धर्म का यथार्थ उपहार स्वरूप सचिव को भेंट किया। राज्य के शिक्षा और शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए विस्तृत रूप से उनसे वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल ने विंदुवार अपनी सभी समस्याओं को सचिव के समक्ष रखा और सारी समस्याओं को संज्ञान में लाते हुए समाधान की अपील की। प्रतिनिधिमंडल में विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद, अरुण कुमार दास सहित डॉ सुधांशु कुमार सिंह, अजय कुमार, रमापति पांडेय, मकसूद जफर हादी, नागेंद्र तिवारी और सुधांशु कुमार श्रीवास्तव ने भी सचिव के समक्ष अपनी बातें रखीं।

### झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने संशोधित कोर्ट फीस का विरोध जताया

# दो जनवरी से न्यायिक कार्य ठप करने की तैयारी में हैं अधिवक्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** नये साल की शुरुआत यानी 2 जनवरी से राज्य के अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से दूर रहने की तैयारी में हैं। दरअसल संशोधित कोर्ट फीस विधेयक का विरोध शुरू हो गया है। झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने संशोधित कोर्ट फीस का कड़ा विरोध जताया है। काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा ने कहा कि यह संशोधन महज खानापूर्ति है, इसलिए इसमें कटौती की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि काउंसिल ने इस मसले पर मुख्यमंत्री से मुलाकात करने का प्रस्ताव दिया है। अगर मुख्यमंत्री से काउंसिल की मुलाकात सकारात्मक रहती है तो कोर्ट फीस में एक बार फिर संशोधन की मांग की जायेगी। अगर सरकार काउंसिल का प्रस्ताव नहीं मानती है तो काउंसिल के निर्णय के मुताबिक राज्य भर के अधिवक्ता नये साल की शुरुआत से यानी दो जनवरी से खुद को न्यायिक कार्यों से दूर रखेंगे। यह आंदोलन अनिश्चिकालीन हो सकता है।

वहीं रांची जिला बार एसोसिएशन के महासचिव और स्टेट बार काउंसिल के प्रवक्ता संजय विद्रोही ने बताया कि कोर्ट फीस के मुद्दे पर काउंसिल के सदस्यों ने एक बैठक की। बैठक में ज्यादातर सदस्य संशोधन से संतुष्ट नहीं दिखे, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया कि कोर्ट फीस में उचित संशोधन के लिए एक बार फिर आवाज बुलंद की जायेगी।

वहीं बैठक में यह भी तय किया गया कि काउंसिल के सदस्य राजीव रंजन के महाधिवक्ता बनने के बाद उनकी सीट पर चुनाव कराया जायेगा। वहीं अगले वर्ष काउंसिल की नयी कमिटी के लिए चुनाव होंगे, जिसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

### जैलेंद्र कुमार ने पीएम मोदी को किया ट्वीट

## साजिश के तहत अंचल कार्यालय से पीएम किसान योजना के लाभुकों को पैसा लौटाने का मिला नोटिस

केंद्र सरकार को बदनाम करने की साजिश, जांच हो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास रघुवर दास को ट्विट किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि झारखंड सरकार द्वारा केंद्र सरकार को बदनाम करने की बड़ी साजिश की गीय है। हजारों गरीब किसानों को किसान सम्मान निधि में मिला रुपया वापस करने के लिए अंचल कार्यालय से नोटिस भेजा गया है। इसकी अविलंब इसकी जांच होनी चाहिए।

किसानों को दिये गये नोटिस में सोनाहातू के अंचल अधिकारी ने लिखा है कि रांची उपायुक्त ने पत्रांक 1748/कृ. दिनांक 15.12.2022 द्वारा पीएम किसान योजना अंतर्गत अयोग्य लाभुकों को भुगतान की गयी राशि वापस करने का निर्देश प्राप्त है। अतः उक्त पत्रांक के अलोक में आप सभी को निर्देश दिया जाता है कि सरकारी खाते में भुगतान की गयी राशि जमा कर दें।

# लोयला कॉन्वेट स्कूल का दो दिनी वार्षिकोत्सव मंथन 2022 संपन्न

मंथन का विषय-कथा सागर आदिकाल से आज तक की

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** लोयला कॉन्वेट स्कूल प्रांगण में शनिवार को दो दिवसीय वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। दूसरे दिन मंथन-2022 का विषय था कथा सागर-आदिकाल से आजतक की। बच्चों ने मंच पर बहुत ही आर्कषक तरिके से इस विषय को प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों का मनोरंजन किया। इससे पहले विद्यालय हेड गर्ल अंकिता कुमारी एवं हेड बॉय मंयक कुमार ने बुके देकर मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार झा, पुलिस महानिरीक्षक का स्वागत किया। अखिलेश कुमार झा ने विद्यालय समिति के मुख्य सदस्यों विद्यालय निदेशक सत्य प्रकाश, ट्रस्टी डॉ प्रियंका प्रकाश, प्राचार्या पारोमिता साहा एवं अन्य मुख्य सदस्यों के साथ दीप प्रज्जवलित कर समारोह की शुरुआत की। कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के छात्रों ने स्वागत गीत, स्वागत नृत्य के द्वारा सामुहिक रूप से मुख्यातिथि का स्वागत किया। विद्यालय प्राचार्या पारोमिता साहा ने मुख्यातिथि एवं उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छठवीं से बारहवीं तक के ऑल राउंडर छात्रों को मुख्यातिथि के द्वारा विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले छात्रों में कक्षा छठी से जाकी शाद, सातवीं से सौम्या श्री, आठवीं से त्रिशाली सहदेह, नवीं से जैद मल्लिक, ग्यारहवीं से मयंक एवं निधि चंदा। बेस्ट आल राउंडर पर्सनालिटी प्रणय पांडे एवं आर्शी असिता, द मोस्ट ऐक्टिव पर्सनालिटि आदित्य चटर्जी एवं अंकिता कुमारी हुई। विद्यालय पत्रिका सृजन का अनावरण मंच पर किया गया। मुख्यातिथि ने विद्यालय की उपलब्धि पर खुशी प्रकट करते हुए उत्तरोत्तर विकास की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन मेधा भद्रा, देवाशीष राणा एवं अंकिता पांडे ने किया। अंत में विद्यालय उप प्रार्चाय प्रवीण कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अंडर-19 बालक वर्ग में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता-2022

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** डीएवी राष्ट्रीय खेल 2022 (अंडर-19 ) बालक वर्ग तीन-दिवसीय खेल प्रतियोगिता की शुरुआत 23 दिसंबर से हुई है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स खेल गांव, डीएवी हल, डीएवी, पुंदाग, डीएवी गांधी नगर में विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

**परिणाम इस प्रकार है-कबड्डी :** प्रथम झारखंड, द्वितीय उत्तराखंड और तृतीय दिल्ली एनसीआर। कबड्डी में बेस्ट कैचर अनुज उत्तराखंड बेस्ट राइडर - आशु झारखंड।

**टीटी-** प्रथम दिल्ली, द्वितीय, पंजाब एवं तृतीय झारखंड।

**खो-खो-**प्रथम झारखंड, द्वितीय हरियाणा और तृतीय दिल्ली एनसीआर। बेस्ट प्लेयर-तेजस नारंग दिल्ली एन सीआर।

**योगा :** प्रथम वेस्ट बंगाल, द्वितीय हरियाणा एवं चंडीगढ़ और तृतीय दिल्ली एनसीआर।

**चेस :** प्रथम बिहार द्वितीय ओड़िशा एवं तृतीय आंध्र प्रदेश।

**क्रिकेट :** प्रथम बेस्ट बंगाल द्वितीय बिहार एवं तृतीय पंजाब। फाइनल मैच में बेस्ट बंगाल के रूपक को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। अपनी 113 रनों की शतकीय पारी में उन्होंने 14 छक्के, 6 चौके लगाये।

**फुटबॉल :** प्रथम झारखंड द्वितीय बेस्ट बंगाल एवं तृतीय राजस्थान वहीं हॉकी और हैंडबॉल में झारखंड की टीम फाइनल में पहुंच गयी हैं। गांधीनगर नगर में आयोजित कबड्डी, चेस और टीटी में सफल खिलाड़ियों को डीएवी प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष नानक चंद गर्ग ने मेडल एवं ट्राफी देकर उत्साहित किया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव-2022 का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची में तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव-2022 का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दीपक प्रकाश और विषिष्ट अतिथि के रूप में कॉनवेल्थ खेलों के विजेता खिलाडी दिनेश कुमार मौजूद थे। खेल ध्वज का ध्वजारोहण मुख्य अतिथि दीपक प्रकाश द्वारा हुआ। खेल ज्योति का प्रज्वलन भैया सौरभ कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास रहता है। विद्यालय के अध्यक्ष शक्तिनाथ लाल दास ने कहा कि सभी के जीवन में एक लक्ष्य का होना नितांत आवश्यक है। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रबंध कारिणी समिति, शिशु विकास मंदिर समिति (झारखण्ड) के सहमंत्री डॉ धनेश्वर महतो ने किया।

# उत्साह और मनोयोग से प्रयास करने पर सार्थक परिणाम की प्राप्ति : तपन शांडिल्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** किट्स, भुवनेश्वर में आयोजित किए जाने वाले 36वें इंटर यूनिवर्सिटी ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में शामिल होने के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के 49 सदस्यीय दल को कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने बधाई और शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। दल के सदस्य डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ राहुल देव साह के नेतृत्व में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर इस दल के रवानगी पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि परिणाम हमारे हाथों में नही होता लेकिन उत्साह और मनोयोग से किया गया प्रयास हमेशा सार्थक परिणाम लेकर आता है। कुलसचिव नमिता सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का यह इतिहास है कि यहां का प्रतिभागी हमेशा देश का अन्य प्रांतों में आयोजित किया जानेवाले युवा महोत्सव में अपनी पहचान बना कर आते है। इस मौके पर डीएसब्लू डॉ अनिल कुमार, डा. धनंजय द्विवेदी, डॉ विनय भरत और डॉ अभय कृष्ण सिंह भी मौजूद थे।

## टेंडर हार्ट विद्यालय में क्रिसमस का आयोजन




**रांची (आजाद सिपाही)।** टेंडर हार्ट विद्यालय में शनिवार को क्रिसमस कार्निवाल का आयोजन धूमधाम से किया गया। क्रिसमस कार्निवाल की शुरूवात मुख्य अतिथि 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में लॉन बॉल में स्वर्ण पदक विजेता रूपा रानी तिर्की, आर्किटेक्ट अपूर्व मिंज, लवलीन तिवारी और विदयालय के निदेशक श्री सुधीर तिवारी ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया। कार्यक्रम के शुरूवात में टेंडर हार्ट के नर्सरी विंग के बच्चों ने अनेक क्रिसमस कैरोल गाये, कक्षा 3 के बच्चों ने प्रभु यीशु के जन्म से लेकर उनके सारे उपदेशों को मंच पर एक शानदार प्रस्तुति से जीवंत किया। जिंगल बेल जिंगल बेल... पर बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं लोगों का दिल जीत लिया। क्रिसमस कार्निवाल के अवसर पर पूरे विद्यालय को मनमोहक ढंग से सजाया गया था एवं विद्यालय प्रांगण में बच्चों के द्वारा एक आकर्षक क्रिसमस ट्री भी बनाया गया था। कार्निवल में सभी बच्चे सांता क्लॉज बनकर आये थे एवं सभी ने एक दूसरे को टॉफी बांट कर क्रिसमस एवं नववर्ष की बधाई दी। कार्यक्रम के अंत मे सभी बच्चों के बीच मिठाई एवं केक का वितरण किया गया। नर्सरी विंग एवं सीनियर विंग के सभी बच्चों ने खूब मस्ती किया एवं आज के दिन को यादगर बताया। क्रिसमस कार्निवल उत्सव में रूपा रानी तिर्की ने कहा कि जिस तरह हम क्रिसमस ट्री को सजाते हैं, उसी प्रकार अपने एव दूसरों के जीवन को भी खुशियों से सजाना चाहिए, उन्होंने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया एवं सभी को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। विद्यालय के निदेशक सुधीर तिवारी ने अंत मे सभी अथितियों का धन्यवाद किया एवं सभी को विद्यालय की ओर से क्रिसमस एवं नवबर्ष की शुभकामनाएं दी।

# झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक

## ओबीसी को 27% आरक्षण के लिए सांसदों को ज्ञापन सौंपने का निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** रांची के रेडियम रोड स्थित होटल आलोका के सभागार में शनिवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेंद्र कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से वैश्य समाज को मान-सम्मान दिलाने, शिक्षा, सुरक्षा, रोजगार और राजनीतिक अधिकार के लिए संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि 16 जनवरी को धनबाद से जिला सम्मेलन की शुरूआत की जायेगी। उसके बाद 22 जनवरी को रांची एवं 30 जनवरी को रामगढ़ में जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा, जबकि अन्य जिलों की तिथि बाद में घोषित किया जायेगा। इस दौरान सदस्यता अभियान भी चलता रहेगा। बैठक में विचार-विमर्श के बाद सदस्यता अभियान एवं सांगठनिक सुदृढ़ीकरण के लिए कई केंद्रीय पदाधिकारियों को जिला प्रभारी बनाया गया, जिसमें लक्ष्मण साहू को रांची ग्रामीण, इंदुभूषण गुप्ता को रांची महानगर, बीरेंद्र कुमार को रामगढ़, राजेंद्र मंडल को हजारीबाग, मोहन साव को बोकारो, रेखा मंडल को धनबाद, राजीव कुमार को चतरा, प्रमोद चौधरी को देवघर, बद्री भगत को गोड्डा, प्रेम शंकर भगत को लातेहार, कंचन साहू को गढ़वा, अश्विनी साहू को गुमला, हीरानाथ साहू को खूंटी, जगदीश प्र. साहू को लोहरदगा, नंदलाल साहू को पूर्वी सिंहभूम, विनोद कुमार गुप्ता को पश्चिमी सिंहभूम, अनंतलाल विश्वकर्मा को सरायकेला-खरसावां एवं अजित प्रजापति को कोडरमा का प्रभारी बनाया गया है।

बैठक में सर्वसम्मति से तीन प्रस्ताव पारित कर कहा गया कि सभी केंद्रीय पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों को स्वाभाविक तौर पर अपने गृह प्रखंड एवं जिला में संगठन को मजबूत बनाने का दायित्व निभाना होगा। साथ ही जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष के साथ मिलकर काम करना होगा। सभी केंद्रीय पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों को स्वयं भी अपने हाथ से सदस्य बनाना होगा, ताकि उनकी भी पहचान वैश्य मोर्चा के पदाधिकारी एवं वैश्य नेता की बन सके। ओबीसी को 27% आरक्षण के मुद्दे पर राज्यपाल सहित सभी लोकसभा एवं राज्यसभा के सांसदों को ज्ञापन देकर आग्रह किया जायेगा कि वे केंद्र सरकार से 9वीं अनुसूची के तहत पारित करवाने की पहल करें। बैठक में मुख्य रूप से हीरानाथ साहू, रामसेवक प्रसाद, संजीव चौधरी, अश्विनी कुमार साहू, लक्ष्मण साहू, इंदु भूषण गुप्ता, कपिल प्रसाद साहू, शिवनंदन प्रसाद, गुड्डु साहा, अनिल वैश्य, राहुल कुमार साहू, नंदकिशोर भगत, रोहित साहू, हलधर साहू, नरेश साहू, प्रेम कुमार, रेणू देवी, रेणू गुप्ता, तारा देवी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रतिनिधिमंडल ने वीर बुधू भगत की जन्मस्थली सिलागाई का दौरा किया



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत वीर बुधू भगत के जन्मस्थली सिलागाई का दौरा किया, जिसमें स्मारक समिति के द्वारा झा झखराकुंबा में आयोजित बैठक में भाग लिये। बैठक की अध्यक्षता रघुनाथपुर पंचायत के मुखिया महादेव उरांव ने की एवं संचालन शिव उरांव ने किया बैठक में 17 फरवरी 2023 को वीर बुधू भगत जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय किया गया साथ ही वीर बुधू भगत के स्मारक समिति का तीन साल पूरा होने पर समिति को सर्वसम्मति से भंग कर दिया गया। 31 दिसंबर को बीर बुधू भगत स्मारक समिति का पुर्नगठन करने का निर्णय लिया गया। 31 दिसंबर को दिन 11 बजे बैठक होगी एवं 12बजे चुनाव होगी। चुनाव की प्रक्रिया स्मारक समिति नीति के संविधान के अनुसार होंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा उपस्थित थे। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि वीर बुधू भगत देश के पहले स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ कर देश का आजादी का बिगुल फूंका था, लेकिन आज इसका इतिहास को छुपाया गया है। आज राष्ट्रीयस्तर तक पहचान दिलाने की जरूरत है। मौके केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक भुवनेश्वर लोहरा, राम किशोर भगत,। सत्यनारायण लकड़ा, जॉनी उरँव, मोहम्मद गफ़्फ़ार, पवन उरांव, बीरबुध भगत के वंशज शिवपुरी भगत रामधनी भगत, गुड़िया कुमारी, मंजु मिंज, परमेश्वर भगत, डीके सिंह मुकुल कुमार एवं अन्य शामिल थे।

### डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल पुनदाग में क्रिसमस का कार्यक्रम



रांची (आजाद सिपाही)। नयासराय पथ पुनदाग में स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में क्रिसमस पर्व के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इ, मौके पर प्रभु यीशु के जीवन चरित्र से संबंधित एक लघु नाटिका का मंचन भी किया गया। द्वितीय वर्ग के छात्रों ने जिंगल बेल गीत की धुन पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने विविध संस्कृतियों एवं धर्मों के प्रति समन्वयता पर प्रकाश डाला एवं धर्मनिरपेक्ष भारत के संबंध में विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेणु सिंह विजया और सुजाता की सराहनीय भूमिका रही ।

### खरवार भोगता स्वाभिमान सह आभार महारैला कर केंद्र का आभार जताया



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को खरवार, भोगता समाज विकास संघ केंद्रीय समिति ने रांची के मोरहाबादी में खरवार, भोगता स्वाभिमान आभार महारैला का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोगता, डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय संरक्षक यौधेश्वर सिंह भोगता, रोशनलाल चौधरी सहित अन्य मौजूद थे। बता दें कि संविधान (अनुसूचित जाति एवं जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2022 को 30 मार्च 2022 को राज्यसभा और 5 अप्रैल 2022 को लोकसभा से पारित किया। इसमें खरवार की आठों जातियां भोक्ता, देशवारी, गंझू, दौलतबंदी, पटबंदी, राउत, माझिया, खैरी को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया गया है। महारैला में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश से खरवार समाज के लोग काफी संख्या में भाग लिए। खरवार भोगता समाज विकास संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मंत्री अमित शाह एवं जनजाति मंत्री अर्जुन मुंडा का हृदय की गहराई से आभार प्रकट किया। 74 साल से समाज की मांग को एक नयी पहचान वर्तमान भाजपा के केंद्र सरकार ने दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दर्शन गंझू एवं पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोगता सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय सचिव जगरनाथ भोगता ने किया। इस मौके पर रामनाथ गंझू, अदालत देशवाली, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता, केंद्रीय उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह भोगता, केंद्र उपाध्यक्ष राम लखन भोगता, रामजीत गंझू, केंद्र उपाध्यक्ष अलहाद मांझी, देवनारायण गंझू, झलकू गंझू, उमेश सिंह भोगता, बाबूलाल गंझू, संजय प्रधान, बिगन सिंह भोगता, विष्णुकांत भोगता सहित अन्य मौजूद थे।

### द इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन का 105वां वार्षिक अधिवेशन

रांची (आजाद सिपाही)। द इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन का 105वां वार्षिक अधिवेशन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय शिक्षा के इस महाकुंभ में राष्ट्रीय आर्थिक विषयों पर केंद्रित वृहत शिक्षा समागम में देश के लब्ध प्रतिष्ठित शिक्षाविद, अर्थशास्त्री और जानेमाने विद्वानों का जुटान होगा। गौरतलब है कि 1917 में अपने स्थापनावर्ष के बाद से देश के विभिन्न प्रांतों में प्रतिवर्ष इसका आयोजन किया जाता है। इस वर्ष इसे आयोजित करने का गौरव डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को प्राप्त हुआ है। रांची विश्वविद्यालय, रांची की सहभागिता भी इस आयोजन में है। इस 105वें अधिवेशन के अध्यक्ष प्रो एडीएन वाजपेयी, मुख्य कन्वेनर डॉ अनिल कुमार ठाकुर और आयोजन के पैटर्न डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य है। इस तीन दिवसीय आर्थिक सेमिनार में झारखंड की अर्थव्यवस्था पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया जाएगा। यह सत्र झारखंड विशेष के शिक्षाविदों और शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा।

### टी 20 ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप के विजेता सुजीत मुंडा का रांची एयरपोर्ट पर स्वागत

रांची (आजाद सिपाही)। टी 20 ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप के विजेता सुजीत मुंडा शनिवार सुबह रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सुजीत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सबका सहयोग मिला, इस कारण ही मैं यहां तक पहुंच पाया। इस दौरान कई नेता भी सुजीत को रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचे थे। इन नेताओं में राज्यसभा सांसद महुआ माजी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, वार्ड के पार्षद, हिंदू नेता भैरव सिंह मौजूद थे।

# उपेक्षित जनजाति समाज को जोड़कर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही केंद्र सरकार: अर्जुन मुंडा

**बुंडू सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल के वार्षिक महोत्सव में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री ने स्कूल की शिक्षा गुणवत्ता की तारिफ की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल के वार्षिक महोत्सव का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।

**बुंडू।** नयी टेक्नोलॉजी विकास का मुख्य आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नयी शिक्षा नीति के तहत अनेक भाषाओं और विभिन्न समुदायों को एक सूत्र में जोड़कर नई ऊंचाई की ओर ले जा रहा ह। उक्त बातें केंद्रीय जनजागरण मामलों के मंत्री व खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा ने कही। वे शनिवार को बुंडू सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अगुवाई में भारत सरकार सर्वांगीण विकास में उपेक्षित जनजाति समुदाय को जोड़कर शिक्षा के क्षेत्र में अहम कार्य कर रही है। अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा है, लेकिन अपनी मातृ भाषा से जुड़े रहने के कारण हम लोगों को कई कठिनाइयां होती है। पूरे भारत में जनजाति समुदाय 700 से भी ज्यादा भाषा बोले जाते हैं। अर्जुन मुंडा ने कहा कि सदन में चर्चा के क्रम में भी भाषा को समझने में दिक्कत होती है जिसके लिए ट्रांसलेटर की सुविधा की गई है। जापान और रूस जैसे देशों में अपनी मातृ भाषा से नई टेक्नोलॉजी को सुसज्जित कर समृद्ध किया गया। सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल के प्रबंधन एवं सभी शिक्षकों को आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम कर रहा है। वहीं, प्रिंसिपल तराना बेगम ने विद्यालय के 17 वर्ष पूरे होने एवं शिक्षा के गुणात्मक सुधार और उत्कृष्ट प्रदर्शन का विस्तृत वर्णन किया। सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल के निदेशक अली अल अराफात ने विद्यालय के आदर्श माहौल पर दी जा रही गुणात्मक शिक्षा की जानकारी दी। जबकि छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया जिसमें बिरसा मुंडा पर आधारित नाटक नृत्य कला झारखंड एवं देश के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक कार्यक्रम धार्मिक कार्यक्रम का दृष्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के निदेशक राम सिंह, गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल मनोहर लाल, मांडर पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल तौफीक आलम, बुंडू नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुनील कुमार जायसवाल, जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल, अधिवक्ता शिव शंकर महतो, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल, रंजीत लहरी, ताराचंद मुंडा, सांसद प्रतिनिधि अनूप साहू, प्रोफेसर राजीव लोचन महतो आदि थे।

## विधायक सुदेश महतो ने किया विद्यालय में एक अतिरिक्त कमरे का शिलान्यास



सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने शनिवार को बंता राजकीय उच्च विद्यालय में एक अतिरिक्त कमरे का शिलान्यास किया। लगभग छह लाख रुपए की लागत से कमरे का निर्माण विधायक मद की राशि से किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक सुदेश कुमार महतो कहा कि अगर शिक्षकों की टीम में दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो सरकारी स्कूलों में भी बेहतर परिणाम हो सकते है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाकर निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर शिक्षा व्यवस्था बहाल की जाएगी। विद्यालय में विद्यार्थियों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से होने वाली परेशानी अब नहीं होगी। विधायक ने विभाग के अधिकारियों को भवन निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रमुख जितेंद्र बढ़ाईक, अंचलाधिकारी धर्मेंद्र दुबे, विद्यालय प्राचार्य सरिता देवी, प्रफुल्ल कुंम्हार, सुशील कुमार दीपक दास, अंत प्रजापति, निशा एवं स्कूली छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

## कोयला तस्करी की रोकथाम के लिए सीआइएसएफ ने चलाया जांच अभियान



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ कोयला चोरी रोकने के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) की ओर से विशेष छापामारी अभियान चलाकर डेढ़ टन अवैध कोयला जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक उप कमांडेंट उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में शनिवार सुबह 7.30 बजे से 10.30 बजे तक कोयला चोरी के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान आरसीएम पेट्रोल पंप, छलटा पुल, आरसीएम आउट पोस्ट टनल के पास की गई छापामारी में डेढ़ टन कोयला जब्त किया गया। जिसे सीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया।

### लापरवाही बरतने व समय पर काम पूरा नहीं करने पर एजेंसी पर लगा 10 लाख का जुर्माना

# कार्यकारी एजेंसी करे 23 जनवरी तक जलापूर्ति का ट्रायल रनः डीसी

**शशि रंजन ने किया खूंटी शहरी जलापूर्ति व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना का निरीक्षण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



निर्माणाधीन खूंटी शहरी जलापूर्ति का निरीक्षण करते डीसी शशि रंजन व अन्य।

**खूंटी।** डीसी शशि रंजन ने शनिवार को खूंटी नगर पंचायत अंतर्गत निमार्णाधीन खूंटी शहरी जलापूर्ति एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने कार्यकारी एजेंसी को निर्देश दिया कि कार्यों में तेजी लाते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। उन्होंने एजेंसी को 15 जनवरी 2023 तक ट्रायल रन करने का निर्देश दिया। डीसी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण में कार्यरत संवेदक, परामर्शी समूह, जुडको की टीम और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश शामिल थे। निरीक्षण के दौरान कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। इस पर डीसी ने निर्देश दिया कि कार्य में लापरवाही बरतने और कार्य समय पर पूर्ण न करने पर एजेंसी पर 10 लाख का जुमार्ना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि कार्य पूर्ण होने से खूंटी शहरी क्षेत्र के निवासियों को शुद्ध जल मिल सकेगा। डीसी ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत को निर्देशित किया कि समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। इस दौरान डीसी ने शव दाह गृह का निरीक्षण कर फरवरी 2023 तक कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना वर्टिकल फ्री में योजना को जल्द पूरा करने का भी उन्होंने निर्देश दिया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या–29/2022.23 जिसका **PR N0.285319 Rural Development (22-23):D** है। जिसमे ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य मामले, के निबंधन वाले संवेदक भाग ले सकते है प्रकाशित है। इसमें आंशिक संशोधन करते हुए जल संसाधन/लघु सिचाई विभाग से निबंधन वाले संवेदक भी इस निविदा में भाग ले सकते है। शेष शर्ते पूर्व की तरह यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
खूँटी

PR 285907 (Rural Development)22-23*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,कोडरमा**
**E-mail: eebcdkoderma-jhr@nic.in**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निकाली गई अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या– 01/ 2022–23, जिसका पी.आर संख्या–285391 (Building)22-23 (D) है, जिसमें साल्वेज की राशि–20,050/–रू0 पढ़ा जाय, एवं क्रम संख्या–2 अग्रधन की राशि जिसे वापस नहीं की जायेगी को वापस की जायेगी पढा जाय। शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल, कोडरमा

PR 285911 Building(22-23).D

## भगवान बिरसा मुंडा के बताये मार्ग का अनुसरण कर काम करें कार्यकर्ता: बंसल

**उलिहातू पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री, किया भगवान बिरसा मुंडा को नमन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा एवं उनके परिजनों से मिले सुनील बंसल व अन्य।

**खूंटी/अड़की।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिह, प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा विधायक कोचे मुंडा, प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, जिला प्रभारी सत्य नारायण सिंह, भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश संचिव जगन्नाथ मुंडा, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, अनूप कुमार साहू सहित कई नेता शनिवार को अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू और उनकी कर्मस्थली डोम्बारी बुरू पहुंचे और धरती आबा को नमन किया। सुनील बंसल ने डोम्बारी बुरू और बिरसा कॉम्प्लेक्स स्थित प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। बाद में भाजपा नेता बिरसा मुंढा के पैतृक आवास जाकर उन्हें नमन किया और उनके परपोते सुखराम मुंडा सहित अन्य स्वजनों से मुलाकात की। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने बिरसा मुंडा के स्वजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर आकर अभिभूत हैं। कहा कि हमें बिरसा मुंडा के बताये मार्ग का अनुसरण करते हुए जनजातीय समाज के लिए काम करना चाहिए। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश कश्यप, वरिष्ठ नेता ज्योतिष भगत, कृष्णानंद तिवारी, निखिल कंडुलना, मोती पातर, अनूप साहू और संजय मुंडा आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला के सायको उलिहातू मार्ग में शुक्रवार की रात आठ हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो ग्रामीणों की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान अड़की थाना क्षेत्र के उलिहातू गांव निवासी इमानुएल पूर्ति (50) और इसाक पूर्ति (17) के रूप में हुई है। जबकि हादसे में घायल उसी गांव का 18 वर्षीय कल्याण पूर्ति का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की देर शाम सायको बाजार से तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव उलिहातू लौट रहे थे। रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस संबंध में अड़की थाने में एक मामला दर्ज किया गया है। शनिवार को दोनों शवों का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर अड़की पुलिस ने स्वजनों को सौंप दिया।

## सुनील बंसल की सादगी के मुरीद हुए खूंटीवासी जमीन पर बैठकर खाया खाना, बच्चों के साथ की मस्ती



**खूंटी।** खूंटी पहुंचे भाजपा के केंद्रीय महामंत्री सुनील बंसल की सादगी देख वहां के लोग उनके मुरीद हो गए। वहीं, सुनील बंसल खूंटीवासियों से काफी घुल-मिल गए। वे कार्यकर्ताओं के गांव भी गए। उनके घरों में बच्चों के साथ खेले। परिवार के सदस्यों से बातचीत की और जमीन पर बैठकर भोजन किया। सुनील बंसल खूंटी के बिरहू पंचायत अंतर्गत रेवा गांव गए, जहां भाजयुमो के जिलाध्यक्ष राजेश महतो के घर में जमीन पर बैठकर उनके परिवार के साथ बारहमसिया कटहल की सब्जी और भात खाया। खाने में भथुआ का साग, मड़ुआ रोटी और पीठा रोटी भी खाया। भोजन के बाद वे लेमनग्रास से बनी चाय का भी आनंद लिया। साथ में झारखंड के संगठन महामंत्री कर्मवीर, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, झारखंड भाजपा के महामंत्री प्रदीप वर्मा एवं बालमुकुंद सहाय, तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने भी जमीन पर बैठकर खाना खाया। इससे पूर्व वे भाजपा के भीमसिंह मुंडा के घर भी पहुंचे और भोजन किया था। जिसके बाद रेवा गांव के भाजपाइयों के मुलाकात की। जहां बूथ अध्यक्ष से भी सुनील बंसल ने मुलाकात की।

**राँची समाहरणालय,राँची।**
**(जिला समाज कल्याण शाखा)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति।**

राँची जिला जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय क्रेच योजना के अन्तर्गत 'पालना' के संचालन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी सखी मण्डल/स्वयं सेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक स्वयं सेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में दिनांक 10.01.2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक आवेदन जमा करेंगे। प्राप्त आवेदनों को दिनांक 10.01.2023 के अपराह्न 03:00 बजे जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में खोला जायेगा, आवेदन खोलने के समय गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

इच्छा की अभिव्यक्ति की शर्त्तें जिला समाज कल्याण, रांची के सूचनापट एवं www.ranchi.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची। | उप विकास आयुक्त, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 285887 (Ranchi) 22-23 (D)

### तमाड़ के राडीडीह पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, कार्यकर्ताओं संग की बैठक

# केंद्र की योजनाओं से आमजन को अवगत व लाभान्वित करायें कार्यकर्ता : सुनील बंसल

**पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए दिए कई सुझाव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से मिलने पहुंचे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व अन्य।

**तमाड़।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने शनिवार को तमाड़ प्रखंड के राडीडीह बुथ नंबर 201 के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसकी अध्यक्षता विवेक गुप्ता ने की। इससे पहले जिला व मंडल कार्यकर्ताओं की ओर से राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश मंत्री बालमुकुंद सहाय, जिला प्रभारी विनोद सिंह और जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो का गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। सुनील बंसल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ को मजबूत व सशक्त बनाने को लेकर कई सुझाव दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों से भी अवगत कराया। कहा कि बूथ क्षेत्र के वैसे लाभुकों को चिन्हित करें, जिन्हें केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ दिया जा सके। लोगों को प्रधानमंत्री द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बूथ स्तरीय कार्यक्रमों जैसे भाजपा स्थापना दिवस छह अप्रैल, 23 जून डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि, बलिदान दिवस, 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती दिवस, 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा जयंती दिवस, 25 दिसंबर भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाने के साथ ही महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री मन की बात आदि कार्यक्रम करने का सुझाव भी दिया। वहीं, बूथ स्तरीय बैठक में सुनील बंसल के अलावे प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप बर्मा, रांची जिला प्रभारी विनोद सिंह, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, महामंत्री नरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र शाही मुंडा, जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, रामकुमार दूबे, संजीव तिवारी, महावीर सोनी, दिनेश साहू, संतोष साहू, दिलीप सेठ, समरेंद्र मुखर्जी, प्रताप सिंह, संजय साहू, हरिराम महतो, आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा इस दिन नुरीडीह पहुंचे और राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से मुलाकात करते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुण्डा व धन्यवाद ज्ञापन महावीर सोनी ने किया।

## संगठन के विस्तार को लेकर सुनील बंसल ने बुंडू में की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खुदिया तालाब स्थित पैराडाइज बैंक्विट हॉल में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने शनिवार को संगठन के विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की। बैठक में संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, जिला प्रभारी विनोद सिंह, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, भाजपा रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, प्रदेश पंचायती प्रकोष्ठ सह संयोजक रंजीत लहरी, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल, गणेश कुम्हार, राजेश उरांव, कपिल महतो, मंडल अध्यक्ष आलोक दास, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता बड़ाईक, सुबोध मुखर्जी, अपूल राज, राजकुमार महतो, शिवप्रसाद प्रजापति, शिवा पंडित, रेखा देवी आदि मौजूद थे।

**कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग**
जिला स्कूल के नजदीक, झील रोड, हजारीबाग। (झारखंड) पिन–825301
email-rtahaz.02@gmail.com/ncrta-hazaribag@jharkhandmail.gov.in

**–ःआवश्यक–सूचनाः–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्राधिकार से सवारी वाहनों के लिए निर्गत स्थायी परमिट के नवीनीकरण आवेदन पर विचार हेतु दिनांक 30.12.2022 को पूर्वाह्न 11:30 बजे से आयुक्त–सह–अध्यक्ष, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के कार्यालय–कक्ष में निर्धारित की जाती है। प्राधिकार की बैठक में केवल दिनांक 23.12.2022 तक spermit.jharkhand.gov.in पर समर्पित नवीनीकरण आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा। यह भी सूचित किया जाता है कि जिस नवीनीकरण आवेदन में समय–सारिणी में आंशिक संशोधन का प्रस्ताव प्राप्त है, वैसे संशोधित समय–सारिणी का प्रकाशन दिनांक 24.12.2022 को spermit.jharkhand.gov.in के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशन किया जाएगा जिस पर ऑफलाईन आपत्ति आवेदन (स्पष्ट एवं साक्ष्य सहित) मान्य शुल्क के साथ दिनांक 29.12.2022 तक कार्यालय दिवस में कार्यालय में समर्पित की जा सकती है। जिन नवीनीकरण आवेदनों के संशोधित समय–सारिणी पर आपत्ति प्राप्त होती है, उन आवेदनों पर प्राधिकार की अगली बैठक में विचार किया जाएगा।

आयुक्त–सह–अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार।

उप–परिवहन आयुक्त सह सचिव
उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार
हजारीबाग।

PR 285889Transport (22-23)#D

**प्राचार्यका कार्यालय महात्मागाँधी स्मारक चिकित्सा महाविद्यालय जमशेदपुर।**

ई–टेन्डर एन0आई0टी0 संख्या/एम0जी0एम0/स्वा0/09/22 दिनांक–23/12/2022

**–ःई निविदा आमंत्रणः–**

| | क | ख |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | चिकित्सा पुस्तकों की आपूर्ति |
| 02 | वेबसाईट पर एन0आई0टी0 प्रकाशन की तिथि/ई–निविदा अपलोड करने की तिथि | दिनांक–24.12.2022 को पूर्वाहन 10:00 बजे से |
| 03 | निविदा(Uploading) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक–23.01.2023 को अपराहन् 05:00 बजे तक |
| 04 | निविदा शुल्क एवं अग्रधन राशि (DD) की वास्तविक प्रति (Hardcopy) जमा करने की अंतिम तिथि (By Post/Registry Post/By Hand) | दिनांक–25.01.2023 को अपराहन् 04:00 बजे तक |
| 05 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक–28.01.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे |
| 06 | E-Tender Fee | Rs. 10,000/- (Non-Refundable) in favors of Principal, M.G.M. Medical College, Jamshedpur payable at Jamshedpur. |
| 07 | Earnest Money | Rs.1,50,000/- (Refundable) in favors of Principal, M.G.M. Medical College, Jamshedpur payable at Jamshedpur. |
| 08 | निविदा जारी करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, एम0जी0एम0 मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर, डीमनारोड, मानगो, जमषेदपुर, पिन कोड–831020 |
| 09 | सम्पर्क दूरभाष संख्या | 0657–2360859 |

नोटः–निविदा केवल ई–टेन्डर के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा।
संबंधित अतिरिक्त जानकारी वेबसाईट–http://jharkhandetenders.gov.in पर उपलब्ध है।

विश्वासभाजन
ह0/–
प्राचार्य, एम0जी0एम0 मेडिकल कॉलेज,जमशेदपुर।

PR 285863 Health Med Edu and Family Welfare(22-23)D

## विधायक की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान राहत कोष के तहत मिली राशि



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान राहत कोष के तहत खिजरी विधान सभा क्षेत्र के कुल 16 व्यक्तियों को लाभ दिलाया गया। जिसे शनिवार को विधायक ने अपने आवास पर बैंक ड्राफ्ट सौंपा। इसमें मिलने वाले लाभान्वित फिलीसिता कच्छप अनगड़ा को 40 हजार, रेनू देवी धुर्वा को 40 हजार, गीता कुमारी कच्छप ग्राम बरवाटोली को 50 हजार, शाहीन परवीन ओरमांझी को 45 हजार, पूजा कुमारी आदर्श नगर टाटीसिल्वे को 50 हजार, ज्योति कुमारी अनगड़ा को 30 हजार, पाब्रेन सुनामी खलखो अनगड़ा को 40 हजार, मुस्कान खलखो अनगड़ा को 35 हजार, अनिता कुमारी अनगड़ा को 40 हजार, सोनू उरांव अनगड़ा को 50 हजार, मोहम्मद वाजिब अंसारी ओरमांझी को 40 हजार, भरत नाथ महतो मनातू को 50 हजार, चंदन कुमार महतो अनगड़ा को 50 हजार, रुपेश्वर चौधरी धुर्वा को 40 हजार, दुर्गानंद कुमार आदर्श नगर टाटीसिल्वे को 40 हजार, नीलू टोप्पो टाटीसिल्वे को 40 हजार का बैंक ड्राफ्ट दिया गया। इस मौके पर अनगड़ा प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव, पूर्व जिला परिषद सुनील उरांव, संजय प्रसाद, प्रणव कुमार, उमा करमाली, अब्दुस सलाम, मो. इनाम अंसारी, साहेब राम महतो, सोनू उरांव, अनुप कुमार महतो, पंचु तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## समाधान, अर्चना फाउंडेशन एवं माउंट कार्मेल स्कूल के सहयोग से गणेशपुर ग्राम में गर्म कपड़ा, कंबल वितरण



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गणेशपुर स्कूल प्रांगण में समाधान, अर्चना फाउंडेशन एवं माउंट कार्मेल स्कूल के द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए 250 बुजुर्ग माताएं, बहनें एवं स्कूल के बच्चों के बीच कंबल, स्वेटर, टोपी का वितरण किया गया। कंबल, स्वेटर, टोपी वितरण करने में समाधान संस्था के उपाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, सचिव विनोद कुमार सिंह, माउंट कार्मेल के डायरेक्टर फादर मैथ्यू, प्रिंसिपल सिस्टर ब्रिजेट, अर्चना फाउंडेशन के डायरेक्टर विजय खन्ना, गणेशपुर मुखिया सावित्री देवी, पूर्व मुखिया विनोद बेदिया, पंचायत समिति सदस्य प्रवेश भोक्ता, समाजसेवी विष्णु बेदिया, ग्राम प्रधान रामप्रसाद बेदिया, समाजसेवी विपत करमाली, स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश बेदिया एवं गांव के सभी गणमान्य समाजसेवी उपस्थित थे। इस अवसर समाधान संस्था के उपाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि आने वाले दिन में गणेशपुर गांव को शिक्षित एवं मजबूत बनाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। गांव के महिला समूह को आत्मनिर्बार करने हेतु आने वाले दिन में गांव में सिलाई सेंटर खोलने की योजना बनायी गयी है। नये वर्ष के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम समाधान संस्था की ओर से जल्द ही शुरू किया जायेगा।

## युवा सशक्तिकरण समिति दिघिया के सदस्यों ने पद्मश्री सिमोन उरांव से मिलकर क्रिसमस की बधाई



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** युवा सशक्तिकरण समिति दिघिया के सदस्य शनिवार को पद्मश्री सिमोन उरांव से सांई मंदिर रोड स्थित घर में जाकर मिले एवं उन्हें क्रिसमस व नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी। समिति सदस्यों ने पद्मश्री को शॉल होर्लिक्स व क्रिसमस केक दिया। मौके पर दिलीप कुजूर, रवि फ्रांसिस मिंज, दिलीप कुजूर, ऐमिल तिग्गा, प्रभात लकड़ा, सुनिल मिंज, सिल्वेस्टर कच्छप, रियोन, विनय तिर्की, मोहित, सुनील किशोर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## हुलहुंडू ने लोहरदगा को 2-0 से हराया

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** स्वर्ण रेखा फुटबाल क्लब सिकिदिरी द्वारा आयोजित 9वीं सद्भावना चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के मैदान में शनिवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में हुलहुंडू एफसी की टीम ने लोहरदगा एफसी को 2-0 से हराया। खेल के पहले हाफ में हुलहुंडू की ओर से रवि लिंडा ने दूसरे ही मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। मध्यांतर तक हुलहुंडू की टीम एक गोल से आगे थी। खेल के दूसरे हाफ में हुलहुंडू की ओर से सुमित कुजूर ने 40वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, दूसरे हाफ में लोहरदगा के खिलाड़ियों ने गोल करने के कई अवसर गंवाये। मैच के मुख्य अतिथि सिकिदिरी के थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि व विशिष्ट अतिथि सिकिदिरी थाना के एसआई अरुण कुमार सिंह थे। अतिथि के रूप में मुखिया राजेंद्र बेदिया, अफजल हुसैन, नंदलाल राम, अजगुत करमाली, जयनंदन सिंह, रथुवा मुंडा रामकुमार सिंह भोगता मंच पर उपस्थित थे। बेहतर खेल के लिए आयोजन समिति ने हुलहुंडू के खिलाड़ी सुमित कुजूर को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच के सफल संचालन में समिति के संरक्षक फारूक खान, अध्यक्ष राजेश पहान, सचिव प्रकाश कुमार यादव, शिवधर रजवार, पवन महतो एवं बलराम कुमार साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## बुंडू में बेलगाम पुलिस पर लगाम लगाये हेमंत सोरेन सरकार : माले

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** डीएसपी अजय कुमार द्वारा कार्यालय बुलाकर बुंडू के स्थानीय युवक उज्जवल महतो का हाथ तोड़े जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। बुंडू माले की ओर से शनिवार को रैली निकाल कर नाराजगी जाहिर की है। इस दिन माले, ऐपवा ने गितिलडीह में प्रतिवाद किया। एरिया सचिव सुखदेव मुण्डा ने कहा कि पिछली सरकार की तरह हेमंत सोरेन सरकार में भी पुलिस बेलगाम हो गई है। जिसका ताजा उदाहरण बुंडू की घटना है। दो लोगों के आपसी जमीनी विवाद को कानून सम्मत कारवाई न कर पुलिस खुद जज की भूमिका में आकर कार्रवाई पर उतर आती है। जबकि डायन जैसे गंभीर विषम पर थाने में पंचायती कराया जाता है। पुलिस की गुंडागर्दी बंद हो, रूपेश स्वांसी जैसी घटना दोहराया जाए यह माले किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। घटना की उच्चस्तरीय जांच कराकर पीड़ित व्यक्ति को न्याय की गारंटी दी जाए। इस मौके पर भीष्म महतो, लखिमनी मुंडा, बिरसा मुंडा, घासीराय मुंडा, ठाकुरमनी देवी, कालोममनी देवी, सीतल देवी, प्रमिला देवी, वती देवी, लखिमनी देवी, सुनिता देवी व बबली कुमारी आदि शामिल थीं। दूसरी ओर, पीड़ित उज्जवल कुमार द्वारा सीजेएम कोर्ट में 22 दिसंबर को मामला दर्ज कराया है जिसमें डीएसपी सहित अन्य को अभियुक्त बनाया गया है। शनिवार को सांसद सह केंद्रीय अर्जून मुंडा को भी इस मामले की जानकारी दी गयी। पीडीत को डराया व धमकाया जा रहा है आज भी वह दर्द से कराह रहा है एक हाथ मे पलस्तर चढा हुआ है डीआइजी अनीश गुप्ता ने कल पीडित से उनके कार्यालय मे पुछ ताछ कर लिया है उनके घर मे कयी लोग पहुँचकर इस घटना की निंदा कर रहे है आखिर

**कार्यक्रम : पेसा अधिनियम दिवस समारोह का आयोजन**

# अनुसूचित क्षेत्र में पांचवीं अनुसूची को पूर्णत लागू किया जाये : उमेश बड़ाइक

**कार्यक्रम में पेसा अधिनियम की विशेषता, उत्पति, कार्य एवं चुनौतियों को लेकर की गयी विस्तृत चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा/सोनाहातू।** सोनाहातू प्रखण्ड के बारूहातू पंचायत में शनिवार को पेसा अधिनियम दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ग्रामप्रधान संघ अनगड़ा के अध्यक्ष उमेश बड़ाईक थे। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुण्डा, स्व. दिलीप सिंह भूरिया एवं स्व. राजेन्द्र सिंह मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गयी। कार्यक्रम में पेसा अधिनियम की विशेषता, उत्पति, कार्य एवं चुनौतियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा अनुसूचित क्षेत्रों में अधिनियम के पांचवीं अनुसूची के प्रावधानों को पूरी तरह लागू करने की मांग सरकार से की गयी। मौके पर उमेश बड़ाईक ने ग्राम प्रधानों को अपने अधिकार के लिए एकजुट होने का आहवान करते हुए कहा कि इस अधिनियम के आने के बाद आदिवासी समाज काफी उत्साहित था। उन्हें लगने लगा था कि अब जल, जंगल, जमीन पर उनका नियंत्रण होगा तथा स्वशासन का अधिकार मिल जाएगा, परंतु ऐसा नहीं किया गया। इस कानून में निहित प्रावधानों के अनुसार ग्रामसभा में ग्रामप्रधानों की नियुक्ति तो कर दी गई, पर उन्हें वास्तविक अधिकार नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि पेसा कानून के मुख्य प्रावधान पांचवीं अनुसूची को अनुसूचित क्षेत्रों में आंशिक रूप से लागू किया गया है। जबकि इसे पूरी तरह लागू किया जाना चाहिए था ताकि ग्रामसभा क्षेत्र में जनजातीय लोगों के अधिकारों की रक्षा हो सके।

मौके पर गोपाल सिंह मानकी, ठाकुर मनमोहन सिंह मुण्डा, भोलेश्वर सिंह मुण्डा, मनोज सिंह मुण्डा, सोमरा उरांव, बाबुलाल बड़ाईक, कलेश्वर सिंह मुण्डा, सावना महली, युगल किशोर सिंह मुण्डा, धीरज सिंह मुण्डा, मनोहर सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों की साठगांठ से हो रहा है सरकार को राजस्व का नुकसान

**कांग्रेसी कार्यकर्ता 27 दिसंबर को देंगे निविदा रद्द करने को लेकर धरना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में सिविल कार्यों के लिए कार्य व संयंत्र विभाग की स्थापना हुई थी। लेकिन वर्तमान में इस विभाग की छवि अधिकारी और कर्मचारी मिलकर धूमिल करने पर तुले हुए हैं। सिविल कार्यों को लेकर हो रही निविदा कार्यों में जमकर धांधली, अनियमितता उपनिदेशक, अभियंता, कर्मचारी, ठेकेदारों के साथ सांठगांठ कर कमीशन खोरी के तहत कर रहे हैं। विभाग में निविदा निकलने से पूर्व ही ठेका मैनेज कर मनचाहे ठेकेदारों को कार्य दे दिया जा रहा है। बताते चलें कि नाहेप प्रोजेक्ट के तहत 21 दिसंबर को एक निविदा 17 लाख रुपये की संपन्न हुई। जिसमें चेहते ठेकेदार को निर्धारित प्राक्कलित राशि में ही कार्य आवंटित करने की तैयारी कर ली गई। ऑनलाइन निविदा में भाग लेने वाले 10 से 15 प्रतिशत तक कम राशि में कार्य करने को तैयार ठेकेदारों को निविदा की मूल प्रति डालने ही नहीं दिया गया। इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव महेश कुमार मनीष ने कहा कि यूपीए गठबंधन की सरकार में भ्रष्टाचार और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकारी राजस्व का नुकसान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निविदा प्रक्रिया में कुलपति डॉ ओपी सिंह से जांच कर 26 दिसंबर तक सभी दोषियों पर कार्रवाई करने व निविदा रद्द करने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर 27 दिसंबर को उप निदेशक कार्य व संयंत्र को पद से हटाने और निविदा रद्द करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन विश्वविद्यालय मुख्यालय के समीप करने की चेतावनी दी है।

## एसएसबी के जवानों ने गांजा के पौधों को किया नष्ट

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कनकट्टा गांव में 50 डिसमिल से अधिक जमीन में लगे गांजा के पौधों को एसएसबी 26वीं बटालियन ए कम्पनी के जवानों ने नष्ट किया। गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी के जवानों ने सहायक कमांडेंट सिद्धार्थ आर के नेतृत्व में गांव जाकर गांजा के पौधों को नष्ट किया। गांजा किसने लगायी इसकी पूछताछ की जा रही है। अभियान में इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार सहित एसएसबी जवान शामिल थे।

## अड़की में कांग्रेसियों ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली

**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की प्रखंड के सिदरी गांव में शनिवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा भारत जोडो यात्रा निकाली गयी। जिसका नेतृत्व पूर्व विधायक काली चरण मुंडा ने किया। यह यात्रा सिदरी गाव से होते हुए पिसकाहातू के बाद बाजार टांड़ में जाकर समाप्त हुई। इस अवसर पर कालीचरण मुंडा ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में महंगाई बेरोजगारी में बेतहाशा वृद्धि हुई है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को कन्याकुमारी से कश्मीर तक अपार जन समर्थन मिल रहा है। भाजपा जात-पात की राजनीति कर रही है। कांग्रेस ही एक विकल्प है जिससे देश एकता के सूत्र में बंधा रहेगा। इस अवसर पर बसंत सेठ, अजय साहू, संजय सेठ, रवि मिश्रा, रामकृष्ण चौधरी , कयुम अंसारी, सुरेन दास, नईमुदीन अंसारी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है योग और पर्यावरण : प्रवीण प्रभाकर

**अनगड़ा में स्वास्थ्य एवं योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** उषा मार्टिन फाउंडेशन एवं शालिनी स्मारक अस्पताल की संयुक्त पहल पर प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय मासू में स्वास्थ्य एवं योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरोग्य भारती के राष्ट्रीय पर्यावरण प्रमुख प्रवीण प्रभाकर ने इस अवसर पर कहा कि योग और प्यावरण संरक्षण भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। योग को आज पूरा विश्व मान्यता दे रहा है और विश्व योग दिवस भी मनाया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण और योग आज की जरूरत है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं योग के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर मधुमेह प्रबंधन एवं योग प्रमुख स्वामी मुक्तिरथ ने कहा कि योग न केवल रोग भगाता है बल्कि शरीर को स्वस्थ और मजबूत रखता है। उषा मार्टिन फाउंडेशन के सचिव मंयक मुरारी ने सीएसआर योजना के तहत किये जा रहे नागरिक कल्याण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की अपील ग्रामीणों से की।

शालिनी अस्पताल के प्रबंधक राणा विकास ने स्वास्थ्य कार्यक्रम और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। मौके पर शिशिर कुमार भगत सहित स्कूल के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं व ग्रामीण उपस्थित थे।

**बैठक : वाइबीएन विश्वविद्यालय के प्रगति प्रतिवेदन की सीइओ ने की समीक्षा**

# रिसर्च कार्यों में प्रगति के लिए अच्छे संस्थानों के साथ एमओयू पर की गयी चर्चा

**सभी विभागों की रिपोर्ट से मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संतुष्टि जाहिर की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** शीर्ष प्रबंधन के निर्देशानुसार शनिवार को कॉन्फ्रेंस हॉल, एडमिन ब्लॉक, वाईबीएन विश्वविद्यालय परिसर रांची में मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें यूनिवर्सिटी के डीएन, प्रिंसिपल एचओडी सहित तमाम टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद थे। बैठक में साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट, अगले सप्ताह की प्रस्तावित योजना, प्रबंधन से अपेक्षा, प्रबंधन को सुझाव, पिछले सप्ताह संबंधित स्कूल की बैठक रिपोर्ट, एन एएसी की प्रगति और हुए कार्यों की समीक्षा, एनईपी 20-20 को अगले वर्ष मतलब 2023 से लागू करने पर जोर, सभी डीन और प्राचार्य को स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम व फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम करवाने को कहा गया। रिसर्च कार्यों को प्रगति देने के लिये अच्छे संस्थानों के साथ एमओयू करने की बात कही गयी। जिनमें इंटरनेशनल एमओयू पर ज्यादा जोर दिया गया। इस कार्य के लिये डॉ आशीष सरकार को नियुक्त किया गया है। साथ ही इंजीनियरिंग विभाग के लिये एआईसीटीई से 2023 में मान्यता प्राप्त करने के लिये डॉ अंजनी कुमार सिंह को नियुक्त किया गया। सभी विभागों की रिपोर्ट से मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संतुष्टि जाहिर की। सभी नव नियुक्त कर्मचारियों/पदाधिकारियों को ई०एस०आई०सी एवं भविष्य निधि में सम्मलित होने के लिये कुलसचिव एवं उपकुलसचिव को दिशा निर्देश जारी किया गया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ.एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ श्रीरमन दुबे, उप कुलसचिव संजय तिवारी, एच.आर डायरेक्टर अरविंद कुमार यादव, डीएसडब्लू डॉ अर्पणा शर्मा एवं विश्वविद्यालय के डीएन, प्रिंसिपल एचओडी सहित तमाम टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद थे। बैठक के बाद मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार ने कहा कि यूनिवर्सिटी के बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास रूम, स्मार्ट क्लास रूम में डिजिटल बोर्ड व अन्य सुविधा जल्द मुहैया करायी जायेगी, क्योंकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारी पहली प्राथमिकता है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## क्षेत्र में बढ़ रही आपराधिक गतिविधियों को लेकर नगड़ी प्रखंड झामुमो ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**पिस्का नगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष विनोद तिर्की के नेतृत्व में शनिवार को नगड़ी थाना प्रभारी से मिलकर चार सूत्री ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि नगड़ी थाना क्षेत्र में अपराधकर्मियों ने अड्डा जमा के कहीं तो जुआ का अड्डा बना दिये हैं साथ ही जुआ खेलाने वाले सीधे थाना के संरक्षण की बात करते हैं। क्षेत्र के हाट बाजारों में बाइक की चोरी हो रही है। अपराधियों में पुलिस का भय समाप्त हो गया है। थाना क्षेत्र में भूमाफिया पूर्णरूपेण हावी है। कई निर्दोष लोग भूमाफिया के चक्कर में जान भी गंवा चुके हैं। जेएमएम का प्रतिनिधि मंडल उपरोक्त विषयों पर गहन जांच एवं समस्या का समाधान की मांग करता है अन्यथा विवश होकर पूरा जेएमएम परिवार प्रशासन के विरोध में धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य होगा। इस विषय पर नगड़ी थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था कड़ी की जाएगी। किसी भी तरह के अपराधियों को नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने कहा कि लालगुटवा निवासी मृतक सूरज महली के केस को चोबीस घंटा में पटाक्षेप किया गया। क्षेत्र में शांति व्यवस्था दुरूस्त करते हुए जुआ सहित हउजी खेल रहे लोगों को शीघ्र पकड़कर जेल भेजा जाएगा। क्षेत्र के बाजार में सख्त पेट्रोलिंग की जाएगी तथा शीघ्र ही क्षेत्र के जमीन बिचौलियों की सूची बनाकर वरीय अधिकारियों को सौंपा जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में बांदे उरांव, राखी देवी, धुचू तिर्की, अशोक ठाकुर, राजेंद्र महतो, बैजनाथ ठाकुर, तस्लीम अंसारी, नीलम देवी, सोमारी उरांव, बुधराम मुंडा, विजय बड़ाइक, मनोज तिर्की, मोगीस अंसारी, अंसार अंसारी, रेयाजूल अंसारी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष ने वृद्ध महिलाओं के बीच साड़ी वितरित की

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय कुमार महतो शनिवार को प्रखंड के लादा ग्राम में नववर्ष एवं क्रिसमस के उपलक्ष्य में वृद्ध महिलाओं के बीच साड़ी वितरण किया। मौके पर सपोर तिग्गा, मरियम तिग्गा, शशि तिग्गा, मीना तिग्गा, मार्शल खलखो उपस्थित थे।

## सुकुरहुट्टू रिंग रोड स्थित दुकान से नगद सहित सामान की चोरी कर लगायी आग

**कांके (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सुकुरहुट्टू रिंग रोड चौधरी पेट्रोल पंप के समीप असमाजिक तत्वों ने दुकान का ताला तोड़कर 5300 रुपये नगद सहित सामानों की चोरी कर ली और पुआल डालकर दुकान में आग लगा दी। जिससे दुकान का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। इस संबंध में भुक्तभोगी जाकिर मंसूरी ने कांके थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। कांके थाना में दिये आवेदन में बताया गया है कि सुनील मुंडा उर्फ मोटू, शैलेश मुंडा, ललित मुंडा, लालू मुंडा ने योजनाबद्ध तरीके से रात करीब डेढ़ बजे दुकान में आकर ताला तोड़कर 5300 सौ रुपए नगद, गैस सिलेंडर, तीन पेटी बिस्किट चोरी कर ले गए। आरोपियों ने दिन में ही लाठी-डंडे से लैस होकर दुकान में आकर गाली-गलौज करते हुए दुकान मकान जलाने की धमकी दी थी। भुक्तभोगी एक गरीब परिवार का सदस्य है। प्राइवेट बैंक से लोन लेकर छोटी-मोटी दुकान चलाकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था।

## आजसू नेता की माता के निधन पर शोक व्यक्त



**कांके (आजाद सिपाही)।** आजसू नेता सह कांके पश्चिमी पंचायत के पूर्व मुखिया अभिषेक राज हैरेंज की 60 वर्षीय माता निशा हैरेंज का हृदय गति रुकने से 24 दिसंबर की दोपहर निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 दिसंबर को सुबह 11 बजे सुकुरहूटू रोड कांके कैंसर हॉस्पिटल के समीप कब्रिस्तान में होगा। अभिषेक राज ने बताया कि मेरी माता कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। कई गणमान्य लोगों और नेताओं ने अभिषेक के घर जाकर निशा हेरंज को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खेल से जीवन में संघर्ष कर आगे बढ़ने की सीख मिलती है : शानू महतो

**कांके (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के चेड़ी मैदान में युवा नेहरू केंद्र रांची के तत्वावधान में खेलकूद व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता व समाजसेवी शानू कुमार महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व बॉल को किक मार कर मैच का शुभारंभ किया। मैच सुकुरहुटू बनाम सर्वोदय स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें सर्वोदय स्कूल की टीम 1-0 से विजयी रही। अपने संबोधन में शानू कुमार महतो ने कहा कि खेल से जीवन में संघर्ष कर आगे बढ़ने की सीख मिलती है। आज हमारे झारखंड के छोटे-छोटे गांव से खिलाड़ी माड़-भात खाकर नेशनल खेल रहे हैं और भारत देश व अपने राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में अनिल कुमार, प्रमिला देवी, रोहित महतो, सपन कुमार, विकास, संदीप, राहुल, प्रदीप, कंचन, अंजलि, पूजा, दुर्गा कुमार उपस्थित थे।

## लापुंग के गिरजाघरों में देर रात हुई सामूहिक प्रार्थना



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरकुरिया, डुरु, महुगांव समेत कई गांवों के चर्च में शनिवार को दुनिया को प्रेम और शांति का संदेश देने वाले प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन पर क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। शनिवार देर रात जैसे ही घड़ी की सूइयां 12 पर आयीं, चर्च के घंटे बज उठे। मोमबत्तियां जलीं, क्रिसमस कैरल्स गूंजे। साथ ही चर्च में विशेष प्रार्थना सभा के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनभर सजावट का कार्य करते हुए चर्च को विशेष रूप से सजाया गया था। वहीं देर रात को 12 बजते ही ईसाई धर्म के लोगों ने एक-दूसरे को प्रभु यीशु के जन्मदिन की बधाईयां देनी शुरू कर दीं। वहीं रविवार की सुबह को भी कई चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा व चरनी पर प्रभु यीशु मसीह के जन्म चरनी पर हुआ उसको आकर्षक रूप से सजाया गया। इधर डुरु चर्च में कार्यक्रम को सफल बनाने में पुरोहित दीपक अनिल जोजो, हबिल खलखो, प्यारा खलखो, निशांत कुमार भुईयां, गोडविन धान समेत कई लोगों का योगदान रहा।

